## महत्वपूर्ण एवं खास

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, 19 पौव्वा अंग्रेजी शराब जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** अवैध शराब बेचने की सुचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 19 पौव्वा अंग्रेजी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर हसौद थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 24 मई को रात 7 बजे के करीब चंदखुरी तालाब के पास अवैध शराब की सूचना पर शुभम देवांगन 23 वर्ष पिता गुलाबचंद देवांगन को घेराबंदी कर पकड़ उसके पास से 19 पौव्वा अंग्रेजी शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### पूर्व विवाद के चलते तीन दोस्तों में हुई चाकूबाजी, 1 की मौत 1 गंभीर

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती इलाके के मलसाय तालाब के पास मंगलवार दोपहर हुई चाकूबाजी की घटना में चेतन साहू नामक युवक की मौत हो गई है। चाकूबाजी की उक्त घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए है जिनको इलाज के लिए अंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुरानी बस्ती के उक्त मामले में तीनों दोस्तों में आपसी रंजिश के कारण चाकूबाजी की घटना हुई है। घायलों का नाम रसिक सोनी एवं यशवंत जायसवाल है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व विवाद को लेकर 03 दोस्तों के बीच गांजा की खरीदी बिक्री को लेकर जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद तीनों के बीच मारपीट व चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है।

### तहसीलदार स्व. श्रीमती करिश्मा दुबे वर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

**गरियाबंद (आरएनएस)।** कलेक्टोरेट के भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ तहसीलदार करिश्मा दुबे वर्मा की विगत दिनों आकस्मिक निधन होने पर आज कलेक्टोरेट एवं समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की मौजूदगी में दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा के प्रति श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर एडीएम जे.आर. चैरसिया, डिप्टी कलेक्टर ऋषा ठाकुर, एसीटी एल.आर. कुर्रे, उप संचालक जनसंपर्क एम.एस. सोरी, जिला शिक्षा अधिकारीभोपाल ताण्डेय, जिला शिक्षा समन्वय श्याम चन्द्राकर, सहायक संचालक रेशम एस.के. कोल्हेकर सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोरोना प्रभावितों की मदद के लिए जिला पंचायत मुंगेली के सदस्यों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया एक दिन का मानदेय

**रायपुर, (आरएनएस)।** कोराना महामारी संक्रमण से प्रभावित लोगों की मदद के लिए जिला पंचायत मुंगेली के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में अपने एक दिन का मानदेय 85 हजार 750 रूपये की राशि प्रदान किया है। सहायता राशि का चेक जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर जिले के प्रभारी कलेक्टर श्री रोहित व्यास को सौंपी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संजीत बनर्जी सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### अश्लील फ़ोटो डालकर युवती से ब्लैकमेल करने वाला जवान गिरफ्तार

**जशपुर (आरएनएस)।** छत्तीशगढ़ के जशपुर जिले की कांसाबेल पुलिस ने सीएएफ जवान को गिरफ्तार किया गया है। जवान सरगुजा सीतापुर के डांग बड़ा गाँव का रहने वाला है। कसाबेल थाना क्षेत्र की एक युवती ने सोमबार को कसाबेल थाने में युवती ने जवान के विरुद्ध अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। पूलिस ने बताया कि 6 साल पहले दोनो के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन डेढ़ साल पहले युवती की शादी हो गयी तो जवान उसे ब्लैक मेल करने लगा ।आखिर में तंग आकर युवती ने कसाबेल थाने में शिकायत कर दी।

# झीरम घाटी नक्सली हमला में शहीद नेताओं को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने झीरम घाटी नक्सली हमले के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, विधायक चंद्रदेव राय, विधायक यू.डी. मिंज, विधायक गुलाब कमरो, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, संचार विभाग सदस्य रमेश वर्ल्यानी, महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक, संचार विभाग के सदस्य सुशील आंनद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस सचिव शिव सिंह ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, प्रवक्ता विकास तिवारी, दौलत रोहड़ा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, मछुआ कांग्रेस अध्यक्ष एम.आर निषाद, रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, प्रदेश कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलीप षडंगी, प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष इम्तयाज हैदर, प्रदेश सलाम रिजवी, कमलनयन पटेल, सिद्धार्थ चंद्रा, साक्षी सिरमोर, राकेश धोतरे, दिलीप चौहान, पूनम पांडेय, चंद्रवती साहू, शीत वास्तव, कुमार मेमन, रेहान खान, सुशील अग्रवाल, सतीश चौरसिया, अनिल मित्तल, भोला तिवारी, सुरेश यादव, सुरेश ठाकुर, कमलेश नथवानी, उषा वास, पुष्पराज बैस सहित प्रदेश सेवादल, प्रदेश महिला कांग्रेस, प्रदेश युवा कांग्रेस, प्रदेश एनएसयुआई, प्रदेश इंन्टुक, एवं समस्त मोर्चा, संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागो के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## चेंबर आफ्कॉमर्स के उपाध्यक्ष के ठिकानों पर डीआरआई के टीम ने दी दबिश

**दुर्ग (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में सराफ व्यापारी और छत्तीशगढ़ चेम्बर आफकॉमर्स के उपाध्यक्ष के यहा डायरेक्टोरेट ऑफरेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने दबिश दी है ।

मंगलवार को व्यवसायी प्रकाश सांखला के घर पर टीम ने सुबह लगभग 9 बजे सेंट्रल से आए 15 अधिकारियों की टीम सराफ कारोबारी से पूछताछ कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से घर के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं। अचानक पड़े इस रेड के बाद चेंबर ऑफकॉमर्स से जुड़े व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। प्रकाश सांखला ज्वेलरी और बर्तन का कारोबार करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार व्यवसायी के गोदाम और दुकान पर भी टीम जांच करने जाएगी।

रेवन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने एक महीने पहले राजनांदगांव शहर के नंदई स्थित जसराज शांतिलाल बैद फर्म के मोहनी ज्वेलर्स में छापेमार कार्रवाई की थी। जांच टीम ने मोहनी ज्वेलर्स में 5 हजार किलो चांदी, साढ़े 4 किलो सोना सहित 32 लाख नगद बरामद किया था। रायपुर से आई रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने सोना चांदी से जुड़ी तस्करी को लेकर यह सबसे बड़ी कार्रवाई थी। लगातार दो दिनों से चली छापामार कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने बरामद सामान की पुष्टि की थी।

राजनांदगांव के ज्वेलर्स के यहां से 5 हजार किलो चांदी, 4.5 किलो सोना सहित 32 लाख रुपए नगद बरामद किया गया था। रेवन्यू इंटेलिजेंस के अधिकारियों के साथ सीजी जीएसटी व सेंट्रल एक्साइज की टीम भी रायपुर से पूछताछ के लिए आई थी।

## रेत से भरी ट्रिपर ने एसईसीएल कर्मी को रौंदा, दर्दनाक मौत

**सूरजपुर (आरएनएस)।** दतिमा-लटोरी मार्ग पर तेज रफ्तार की रेत से भरी ट्रिपर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही एसईसीएल कर्मी की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके से ट्रिपर चालक फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्प्लेंडर प्रो बाइक क्रमांक सी जी 15 सी आर 8194 चालक गणेश पैकरा जो कि 56 वर्षीय थे और वे अपने कार्य से घर वापस आ रहे थे, गणेश कुंदा 7,8 बोरहोल के पद पर पदस्थ थे, भारत पैट्रोलियम पेट्रोल पंप अंबिकापुर रोड प्रतीक्षालय के समीप तेज रफ्तार ट्रिपर क्रमांक सी जी 29 ए 1561 ने बाइक को ठोकर मारते हुए एसईसीएल कर्मी को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रिपर के पहिए में आने के कारण गणेश की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस वाहन को अपने कब्जे पर ले लिया है और शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। हादसे में मृतक का सिर बुरी तरह से कुचला गया था। बात दे कि मृतक हेलमेट नहीं पहना हुआ था। घटना दोपहर करीब 2-3 बजे के आसपास की बताई जा रही है। वहीं इसी समय दतिमा-लटोरी मार्ग में लोगों की आवाजाही अधिक होती है। हादसे में बुरी तरह सिर कुचला देख सभी लोग स्तंभ हो गए। करीब आधे घंटे तक शव सड़क पर खुले में पड़ा रहा। हादसे की वजह से सड़क पर गाडियों की लंबी कतार लग गई थी। पुलिस के आने के बाद उसे पीएम के लिए भेजा गया।

**क्षेत्र में रेत तस्कर सक्रिय-** क्षेत्र में रेत माफिया बराबर सक्रिय है आज के इस स्थिति पर रोड पर कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है रेत तस्करों के द्वारा बिना पीट पास के खोपा व रुनियाडीह से प्रतिदिन 150 से 200 गाड़ी बालू निकालकर अंबिकापुर ले जाकर उचे दर पर बेचा जा रहा है।

## सेल ऑनलाइन मुलाक़ात के जरिये ग्राहकों से अपने जुड़ाव को और अधिक मज़बूत करने पर दे रहा है ज़ोर

**नई दिल्ली/ रायपुर (आरएनएस)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने कोविड-19 की इस दूसरी लहर और चुनौतीपूर्ण समय में, अपने बेहद महत्वपूर्ण ग्राहकों से अपने जुड़ाव को और मजबूती प्रदान करने के लिए 24 मई, 2021 को ग्राहकों से एक ऑनलाइन मुलाक़ात का आयोजन किया। सेल अध्यक्ष मती सोमा मंडल ने सेल के केंद्रीय विपणन संगठन के अन्य निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, देश भर से कंपनी के 26 प्रतिष्ठित ग्राहकों के साथ बातचीत की। सेल का दृढ़ विश्वास है कि ग्राहक सेल की प्रगति में भागीदार हैं और सेल ग्राहकों के साथ अपने जुड़ाव को लगातार और मजबूत कर रहा है। इस ऑनलाइन मुलाक़ात में वे ग्राहक शामिल रहे, जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान अपनी अधिकांश जरूरतों की खरीद सेल से की। इस ऑनलाइन मुलाक़ात के जरिये ग्राहकों से महत्वपूर्ण फीडबैक और सुझाव प्राप्त करने में मदद मिली, जो ग्राहकों के कंपनी के साथ अपने लेनदेन के दौरान सेल को ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर करने में मदद करेगा।

कार्यक्रम के दौरान, सेल की अध्यक्ष मती सोमा मंडल ने विभिन्न इस्पात उत्पादों की खरीद के लिए ग्राहकों की पसंदीदा पसंद बने रहने के लिए कंपनी द्वारा की गई ग्राहक-केंद्रित पहलों को रेखांकित किया। उन्होंने ग्राहकों के महत्व को दर्शाते हुए कहा, ग्राहक किसी भी कंपनी के उन मुख्य स्तंभों में से एक हैं जो किसी भी कंपनी की व्यावसायिक सफलता सुनिश्चित करते हैं। एक संतुष्ट ग्राहक सबसे अच्छा राजदूत होता है जो एक संगठन के पास हो सकता है। यह उल्लेख करते हुए कि महारत्न स्टील उत्पादक सेल पिछले 60 से भी अधिक वर्षों से स्टील उत्पादन से जुड़ा हुआ है; उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह हमारे मूल्यवान ग्राहक हैं, जिन्होंने हमारे उत्पादों में, उनकी उत्पाद जरूरतों को पूरा करने की हमारी क्षमता में और ब्रांड सेल में अपना अटूट विश्वास दिखाया है जिसने हमें मौजूदा सेल के वजूद को बनाने और उसे हासिल करने की ताकत दी है।

## नेशनल ऑनलाइन वेबिनार-देश भर के 300 लोगों ने जाना रायपुर का अतीत, वर्तमान और भविष्य

**रायपुर (आरएनएस)।** क्रेडाई छत्तीसगढ़ के साथ मिलकर रायपुर एसोसिएशन ऑफ रियलटर्स ने जूम पर 300 लोगों की उपस्थिति में एक पैनल चर्चा आयोजित की,जिसमें छत्तीसगढ़ के बिल्डर, एनएआर-इंडिया के विभिन्न एसोसिएशनों के रियल्टर्स और पूरे भारत के संभावित ग्राहक शामिल थे,वेबिनार में भाग लेते हुए सभी ने खुली चर्चा की। जिसमे छत्तीसगढ़ के संयुक्त मध्यप्रदेश के विभाजन के पश्चात आज तक हुए विकासशील परिवर्तन की क्रमबद्ध विकास की संपूर्ण जानकारी ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से दी गयी।

रायपुर एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स जो कि रियल एस्टेट के सेक्टर में काम करने वाले रियल्टर्स/ एजेंट की सर्वमान्य संस्था है और नेशनल एसोसिएशन ऑफ

रिजल्ट इंडिया से प्रमाणित है के द्वारा रायपुर शहर की विकास गाथा अतीत से लेकर वर्तमान और भविष्य काल में होने वाले विकासशील परिवर्तन के सम्बंध में शानदार प्रस्तुति दी गयी। वेबीनार में राष्ट्रीय स्तर पर 300 से ज्यादा लोगो ने शिरकत की,जिसमें 15 से अधिक राज्यों के 35 से ज्यादा शहर के प्रतिनिधित्व करने वाले नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स - इंडिया के विभिन्न एसोसिएशन और संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा रायपुर के लिए अपनी परिकल्पना और आगे की प्लानिंग की जानकारी दी गई ।

भारतीय रियल एस्टेट बाजार के टियर 2 शहरों में जागरूकता और अवसर पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। पैनलिस्ट के रूप में क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मृणाल गोलछा,हितेश ठाकुर,सचिव - इरवा (इंदौर), रविकांत,समिति सदस्य - सीआरईए बेंगलोर, विकास अग्रवाल रियल बजट (आरएआर अध्यक्ष)का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ । वेबीनार को ग्लोबल वर्ल्ड के डायरेक्टर आशीष जैन (सचिव रायपुर एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स) के द्वारा संचालित किया गया।

रायपुर - अतीत ,वर्तमान और भविष्य। रायपुर के सभी क्षेत्रों को कैप्चर करने वाले वीडियो ने उपस्थित लोगों को रायपुर के बारे में जानने के लिए और भी उत्सुक कर दिया। रायपुर के संदर्भ में भारत में रियल एस्टेट का भविष्य पर पीपीटी, को पिछले 3-4 साल के सभी समाचार पत्रों की कटिंग एकत्र करने कड़ी मेहनत से बनाया गया था, अतीत में किए गए विकास के प्रत्येक समाचार, वर्तमान और भविष्य में आ रहा है, सभी को चौंका दिया। यकीन है कि इस सत्र के बाद भारत भर के रियल्टी और डेवलपर्स रायपुर को भविष्य के विस्तार के रूप में देखेंगे।

## एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी बाईक चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के एम्स अस्पताल से बाइक चोरी के मामले में एम्स के सुरक्षा विभाग की मदद से पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। बाइक चोर शातिर तरीके से एम्स परिसर में खड़ी रोगियों, उनके परिजनों और स्टाफ की बाइक को चुराता था और फिर इन्हें बेच देता था। मिली जानकारी के अनुसार एम्स परिसर से लगातार हो रही बाइक चोरी के बाद सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में पूरे एम्स परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। इसमें पाया गया कि 28 मार्च, 11 और 19 मई को हुई बाइक चोरी में एक युवक बड़े शातिर तरीके से चाबी का गुच्छा लेकर आता और बाइक को अनलॉक करके ले जाता था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस शातिर की पहचान कर ली गई। सीसीटीवी फूटेज में यह भी मालूम चला कि यह आरोपी स्वीगी और जोमेटो से परिसर में ही खाने का सामान मंगाकर खाता है। बस इसी सुराग के आधार पर सुरक्षा अधिकारी और उनकी टीम ने इस चोर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जिसके बाद आरोपी पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम आकाश चौबे पुलिस बताया है व एम्स परिसर से चोरी की गई दो बाइक के बारे में जानकारी पुलिस को दी है।

## प्रदेश में कोरोना जांच का नया रिकॉर्ड, एक ही दिन में 74,584 सैंपलों की जांच की गई

**» मार्च की तुलना में मई में रोजाना दोगुने से भी अधिक सैंपलों की जांच**

**» बीते सप्ताह प्रतिदिन औसत 66,272 सैंपलों की जांच**

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए प्रदेश में 24 मई को रिकॉर्ड 74 हजार 584 सैंपलों की जांच की गई है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की शुरूआत के बाद से एक दिन में यह सर्वाधिक संख्या में सैंपलों की जांच है। 24 मई को दुर्ग संभाग के पांच जिलों में 11292, रायपुर संभाग के पांच जिलों में दस हजार 992, बिलासपुर संभाग के छह जिलों में 16 हजार 442, सरगुजा संभाग के पांच जिलों में 24 हजार 260 तथा बस्तर संभाग के सात जिलों में 11 हजार 598 सैंपलों की जांच की गई है।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए सैंपल जांच की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। विगत मार्च माह में रोजाना औसत 30 हजार 501 सैंपलों की जांच की जा रही थी। मई माह के शुरूआती 24 दिनों में प्रतिदिन औसत 62 हजार 249 सैंपलों की जांच की गई है जो मार्च की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। बीते सप्ताह (18 मई से 24 मई) प्रदेश भर में कुल चार लाख 63 हजार 907 सैंपलों की जांच की गई है। इस दौरान रोजाना औसत 66 हजार 272 सैंपलों की जांच की गई। प्रति दस लाख की आबादी पर रोजाना सैंपल जांच में भी छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर से बहुत आगे है। यहां प्रति दस लाख की आबादी पर प्रतिदिन औसत 2573 सैंपलों की जांच की जा रही है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत 1520 है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमर्पण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेरहमत, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में तत्पर किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# उड़ीसा से लापता हुई नाबालिग लड़की रायपुर स्टेशन में मिली

**» लड़की को प्रेमजाल में फंसाकर एक युवक भगाकर पुणे ले जाने की तैयारी में था**

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेलवे सुरक्षा बल ने आज उड़ीसा से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को रायपुर रेलवे स्टेशन से बरामद किया। लड़की को एक युवक प्रेमजाल में फंसाकर उसे उड़ीसा से रायपुर और रायपुर से पुणे ले जाने की तैयारी में था। रेलवे सुरक्षा बल ने युवक और लड़की दोनों को कांटाभाजी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

इस संबंध में रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ए.एन.सिन्हा, महानिरीक्षक, सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रे.सु.ब., बिलासपुर के निर्देशन एवं हरिश सिंह पपोला, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रायपुर एवं एम.के.तिवारी, सहायक सुरक्षा आयुक्त, रायपुर के कुशल मार्गदर्शन मे कोविड-19 स्पेशल ट्रेनो के संचालन एवं रेलवे परिक्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए 24 मई को रेलवे सुरक्षा बल, सी.आई.बी. रायपुर की टीम जिसमे इंस्पेक्टर, मधुबाला पात्र, उपनिरीक्षक, बी.आर.साहू, स.उ.नि., एल.के. यादव, प्रधान आरक्षक, पी.के.दुबे एवं आरक्षक, एन.के. महाना रायपुर स्टेशन मे गुप्त निगरानी एवं चेकिंग पर थे। इसी दौरान समय लगभग 10.25 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर-01 में कैफेलाईट होटल के सामने एक लड़के एवं नाबालिक लड़की को संदिग्द्ध अवस्था में पाया गया और उनसे पुछताछ किया गया। पुछताछ के दौरान लड़के ने अपना नाम विक्रम केशरी पात्र उर्फ तोफन पिता स्व. प्रदीप पात्र 24 वर्ष निवासी-बंगोमुंडा झंकारपाड़ा थाना-बंगोमुंडा जिला-बंलागीर (ओडिसा) बताया और आगे पूछने पर प्रेमप्रसंग में नाबालिक लड़की को भगाकर रायपुर से पुणे ले जाना बताया। उक्त जानकारी के पश्चात रेलवे सुरक्षा बल टीम के द्वारा पुलिस थाना-कांटाभाजी के निरीक्षक, सत्यजीत कन्दंकेल से समन्वय किया गया, जिस पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस थाना-कांटाभाजी में इस संबंध में धारा 363 भा.द.सं. के तहत अपराध पंजीबद्ध है। सूचना प्राप्त होन पर उनके द्वारा बताया गया कि उन्हे लेने के लिए पुलिस थाना-कांटाभाजी से पुलिस टीम भेजी जा रही है, एवं उन्हे रेलवे सुरक्षा बल की कस्टडी में रोके जाने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध पर नाबालिग लड़की को चाईल्ड लाईन रायपुर की सदस्या मधु बारले के संरक्षण में सुरक्षित रखा गया। पुलिस थाना-कांटाभाजी की टीम सहायक उपनिरीक्षक, भागवत प्रसाद साई, नेतृत्व में, महिला आरक्षक, मामी जेना एवं अन्य के साथ 24 मई को 21.30 बजे सीआईबी, रायपुर के कार्यालय में उपस्थित हुई और एफआईआर संबंधी जानकारी साझा की गई तथा आरोपी से पुछताछ कर नाबालिक की शिनाख्त की गई। आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही के पश्चात